फा.सं.-12016/03/2025-रा.भा.(का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

एन.डी.सी.सी.-।। भवन, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली-110001,
दिनांक 18.04.2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय- राजभाषा विभाग के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में "राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह" के आयोजन हेतु प्रतीक चिह्न (Logo) निर्माण के संबंध में।

राजभाषा विभाग के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 26 जून 2025 को नई दिल्ली में **"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह"** का आयोजन किया जाएगा।

2. इस महत्वपूर्ण समारोह हेतु तत्काल एक 'प्रतीक चिह्न (Logo)'डिजाइन किया जाना है जिसके लिए अल्प समय में एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी भागीदारी अपेक्षित है। इस 'लोगो'(Logo) के निर्माण में राजभाषा विभाग के 50 वर्षों की विकास यात्रा, विज़न @ 2047, राजभाषा हिंदी के प्रयोग में AI की भूमिका आदि को रखा जाना समीचीन होगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने-अपने संगठनों से इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से **प्रतीक चिह्न (Logo) का नमूना (JPG/PDF)तैयार करवा कर** दिनांक 02.05.2025, सांय 05 बजे तक विभाग के अनुसंधान अधिकारी की ईमेल आईडी- santosh.gupta89@nic.in पर भिजवाना सुनिश्चित करें। हस्तनिर्मित **चिह्न (Logo) अस्वीकार्य होगा।**

4. चयन समिति द्वारा चुने गए सर्वश्रेष्ठ **लोगो(Logo)** का प्रयोग दिनांक 26 जून 2025 को आयोजित होने वाले समारोह में किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ 'प्रतीक चिह्न (Logo)'को राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा।

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)

प्रतिः-

1. **सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।**
2. **सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।**
3. **सभी नराकासों के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव।**